Govt. Registered Social Justice Union

दैनिक
# न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक

**आवश्यक सूचना**
आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 22 फरवरी 2022 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-04, अंक- 146

## हिजाब के खिलाफ पोस्ट लिखने वाले बजरंग दल के कार्यकर्ता की शिवमोगा में हत्या, लगी धारा 144



**बेंगलुरु (आरएनएस)।** हिजाब को लेकर शुरू हुआ विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब स्थिति हिंसा तक पहुंच गई है। कर्नाटक के शिवमोगा में एक 23 साल के युवक की हत्या कर दी गई। इसके बाद यहां तनाव की स्थिति बनी हुई है और धारा 144 लागू है। जानकारी के मुताबिक युवक का नाम हर्ष था और वह बजरंगदल का कार्यकर्ता था। राज्य के गृह मंत्री अरागा जनेंद्र ने जिले के स्कूल एवं कॉलेजों को अगले दो दिनों के लिए बंद करने का आदेश दिया है। उन्होंने कहा कि 4 से 5 युवकों ने हर्ष की हत्या की है। अब तक इस घटना के पीछे किसी संगठन का नाम सामने नहीं आया है। फिलहाल शिवमोगा जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति कंट्रोल में है। हालांकि कुछ लोगों ने इस घटना के विरोध में प्रदर्शन किया है। जिले के सीगेहट्टी इलाके में कई लोगों ने कुछ वाहनों में आग लगा दी, जिन्हें बुझाने का काम जारी है। इस घटना ने हिजाब विवाद से पहले ही बढ़े राज्य के राजनीतिक पारे को और चढ़ा दिया है।

**युवक ने हिजाब के विरोध में लिखी थी सोशल मीडिया पोस्ट-** पुलिस के मुताबिक रविवार रात करीब 9 बजे युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। इसके बाद तनाव बढ़ गया। शिवमोगा शहर के कई इलाकों में उपद्रव हुए और गाडिय़ों में आग लगा दी गई। पुलिस हिजाब विवाद से इस मामले को जोडक़र इसलिए देख रही है क्योंकि युवक ने कुछ दिन पहले ही फेसबुक पर इससे संबंधित एक पोस्ट लिखी थी। इस पोस्ट में उसने हिजाब का विरोध किया था और भगवा गमछे का समर्थन किया था। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कोई बयान नहीं दिया है।

**हिजाब का विरोध कर रहा बजरंग दल-** ज्ञात हो कि , कर्नाटक के उडुपी के कॉलेज से शुरू हुआ विवाद अब अंतरराष्ट्रीय आकार ले चुका है। वहीं कर्नाटक के कोपा में स्कारी स्कूल में छात्रों ने भगवा गमछा लेकर हिजाब का विरोध किया था। बताया गया कि स्कूल प्रशासन ने ही भगवा पहनने की अनुमति दी थी। बजरंगदल इस मामले में काफी ऐक्टिव है। बजरंग दल के कर्नाटक संयोजक सुनील केआर ने इसे जिहाद बताया था। वहीं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने जगह-जगह प्रदर्शन भी किए।

### सड़कों पर उतरे लोग, तीन गिरफ्तार

**शिवमोग्गा (आरएनएस)।** विश्व हिंदू परिषद (विहिप) की युवा शाखा बजरंग दल के एक 23 वर्षीय कार्यकर्ता की बीती देर रात हत्या के बाद पूरे राज्य में तनाव का माहौल है। कर्नाटक के शिवमोग्गा में तनाव के बीच शिक्षण संस्थानों को बंद कर दिया है। इसके अलावा अधिकारियों ने अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है, चार से अधिक लोगों के इक_ा होने पर रोक लगा दी है। दर्जी का काम करने वाले बजरंग दल के 26 वर्षीय सदस्य हर्षा की कल रात करीब नौ बजे अज्ञात लोगों ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उसे अस्पताल ले जाया गया लेकिन वह बच नहीं सका। पुलिस ने कहा कि हर्षा के हमलावरों ने उस पर हमला करने से पहले एक कार में उसका पीछा किया था। हमले के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। हत्या के बाद गुस्साई भीड़ ने कुछ वाहनों में आग लगा दी गई।

शिवमोग्गा के पुलिस अधीक्षक ने कहा कि भीड़ को रोकने के लिए एहतियात के तौर पर जिले में दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 लागू कर दी गई है। उन्होंने कहा, हम [सोमवार] शाम को स्थिति की समीक्षा के बाद कल [मंगलवार] कोई फैसला लेंगे। पिछली [रविवार] रात को मामूली घटनाएं हुई थीं। हमने जिले भर में पुलिस की तैनाती बढ़ा दी है। इस मामले में अब तक तीन लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है।

हमले के बाद, इलाके के कई वाहनों में आग लगा दी गई और आग को रोकने के लिए पुलिस ने भारी बल तैनात किया है। प्रशासन ने सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध लगा दिया है और आदेश दिया है कि स्कूल और कॉलेज बंद रहेंगे। पाबंदी के बावजूद, बजरंग दल के समर्थकों की भारी भीड़ युवक के शव को घर ले जाते वक्त साथ रही। राज्य के गृह मंत्री अरागा ज्ञानेंद्र ने कहा है कि अब तक की जांच में हत्या और हिजाब विवाद के बीच कोई संबंध सामने नहीं आया है। उन्होंने मीडिया से कहा, हिजाब मुद्दे का इस घटना से कोई लेना-देना नहीं है। यह अलग-अलग कारणों से हुआ है। शिवमोग्गा एक संवेदनशील शहर है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज एस बोम्मई ने कहा है कि पुलिस को जांच के दौरान सुराग मिले हैं और वह उन पर काम कर रही है।

## लखीमपुर खीरी कांड : सुप्रीम कोर्ट पहुंचे पीड़ितों के परिवार के सदस्य, आशीष मिश्रा की जमानत रद करने की मांग



**लखनऊ (आरएनएस)।** यूपी चुनाव- 2022 के बीच लखीमपुर खीरी एक बार फिर उछाला जाने लगा है। अब इस मामले में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के पुत्र आशीष मिश्रा को मिली जमानत के खिलाफ पीडि़तों के परिजन सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हैं। परिजनों ने सुप्रीम कोर्ट से गुहार लगाई है कि वह आशीष मिश्रा की जमानत निरस्त करे। पीड़ित किसान परिवारों की ओर से यह याचिका वकील प्रशांत भूषण ने दायर की है।

आशीष मिश्रा पर लखीमपुर खीरी में आंदोलनकारी किसानों को अपनी गाड़ी से कुचलने का आरोप है। पीड़ित किसानों के परिजनों की ओर से सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई याचिका में कहा गया है कि राज्य सरकार ने अब तक हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती नहीं दी लिहाजा मजबूरन उन्हें सुप्रीम कोर्ट का रुख करना पड़ा। आरोपी आशीष मिश्रा को इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने बीते दिनों जमानत दी है। जमानत मंजूर होने के बाद ही मृत किसानों के परिजनों ने फैसले का विरोध किया था और इस आदेश को चुनौती देने की बात कही थी।

## बर्फबारी के बाद इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है गुलाबी कांठा



**उत्तरकाशी (आरएनएस)।** उत्तराखण्ड के उत्तरकाशी के यमुनाघाटी क्षेत्र के प्रसिद्ध बुग्याली क्षेत्र गुलाबी कांठा इन दिनों पर्यटकों से गुलजार है। गुलाबी कांठा में बर्फबारी के बाद इन दिनों मौसम साफ है, खुशनुमा है। इस खुशनुमा मौसम में बर्फबारी एवं स्कीइंग का आनंद लेने यहां विभिन्न राज्यों से पर्यटक पहुंच रहे हैं।

साहस और रोमांच से भरपूर उत्तरकाशी की उच्च हिमालयी वादियों में पर्वतारोहियों एवं सैलानियों के दल हिमशखरों के आरोहण को पहुंचते हैं। कोरोना महामारी के बाद जैसे-जैसे स्थिति सामान्य होती जा रही है देश के विभिन्न राज्यों के एवं विदेशी दल भी रोमांच के सफर पर आगे बढ़ रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ती आवाजाही को देख क्षेत्र के व्यवसायियों में भी रोजगार की आस जगने लगी है। उत्तरकाशी जिले की यमुनाघाटी क्षेत्र के नौगांव ब्लॉक के अंतर्गत हनुमान चट्टी से करीब 10 किलोमीटर आगे गुलाबी कांठा बुग्याल है। यहां इन दिनों बर्फबारी से पूरा गुलाबी कांठा लकदक है, बर्फ का आनंद लेने एवं स्कीइंग करने इन दिनों यहां अलग-अलग राज्यों से पर्यटक पहुंच रहे हैं। जिससे पूरा गुलाबी कांठा क्षेत्र पर्यटकों एवं रोमांच के शौकीनों से गुलजार है। पर्यटक एवं रोमांच के शौकीन यहां पहुंच कर गुलाबी कांठा क्षेत्र में स्कीइंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। गुलाबी कांठा एडवेंचर की डायरेक्टर एवं स्कीइंग स्ट्रक्चर मीरा रावत का कहना है कि कोरोना महामारी के कारण बीते सालों में पर्यटकों का आवागमन काफी कम रहा। अब स्थिति कुछ सामान्य होने के बाद विभिन्न स्थानों से पर्यटक एवं रोमांच के शौकीन अपने-अपने दलों के साथ निरंतर यहां पहुंच रहे हैं। कहा कि विभिन्न राज्यों के 15 बैच करीब 200 लोग गुलाबी कांठा का दीदार कर चुके हैं।

**200 से अधिक पर्यटक कर चुके हैं दीदार-** बर्फबारी के बाद खुशनुमा मौसम में कोलकाता, महाराष्ट्र, चंडीगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से करीब 200 से अधिक पर्यटकों के 15 बैच गुलाबी कांठा पहुंच चुके हैं। पर्यटक यहां स्कीइंग का लुफ्त उठा रहे हैं।

## चारा घोटाला : लालू प्रसाद को 5 साल की जेल, 60 लाख रुपए जुर्माना



**रांची (आरएनएस)।** अविभाजित बिहार के अरबों रुपये के बहुचर्चित चारा घोटाले के सबसे बड़े मामले आरसी 47ए/96 में सोमवार को वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये सीबीआई की विशेष अदालत ने राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी)सुप्रीमो लालू प्रसाद को पांच साल की सजा और 60 लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। रांची स्थित सीबीआई के विशेष न्यायाधीश एसके शशि की अदालत ने आज लालू प्रसाद समेत अन्य अभियुक्तों के सजा के बिन्दु पर सुनवाई करते हुए यह सजा सुनाई। इससे पहले रांची के डोरंडा कोषागार से 139.35 करोड़ अवैध निकासी मामले में अदालत ने 15 फरवरी को लालू प्रसाद समेत 75 आरोपियों को दोषी करार दिया था, इसमें से 41 को छोड़ कर अन्य को पहले ही सजा सुना दी गयी थी, जबकि तीन आरोपी उस दिन अदालत में सशरीर उपस्थित नहीं हो पाये थे। आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को इससे पहले चारा घोटाले से जुड़े चार मामले में सजा हुई है। इसमें पहला मामला चाईबासा कोषागार से अवैध तरीके से 37.7 करोड़ रुपये निकालने का है। इस मामले में लालू यादव समेत 44 आरोपी थे। इस मामले में आरजेडी मुखिया को 5 साल की सजा हुई है। साथ ही इस मामले में 25 लाख रुपये का जुर्माना भी हुई।

चारा घोटाले से जुड़ा दूसरा मामला देवघर सरकारी कोषागार से 84.53 लाख रुपये की अवैध निकासी का है। इसमें लालू यादव समेत 38 पर केस है। इस मामले में आरजेडी सुप्रीमो को साढ़े तीन साल की सजा और 5 लाख का जुर्माना लगाया गया है। तीसरा मामला चाईबासा कोषागार से 33.67 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का है। जिसमें लालू प्रसाद यादव समेत 56 आरोपी थे। इसमें आरजेडी मुखिया को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने 5 साल की सजा सुनाई गई। चाईबासा कोषागार मामले में 10 लाख का जुर्माना भी लगाया गया। चौथा मामला दुमका कोषागार से 3.13 करोड़ रुपये की अवैध निकासी का है। इसमें लालू प्रसाद यादव को दोषी करार देते हुए दो अलग-अलग धाराओं में 7-7 साल की सजा सुनाई गई। इसमें 60 लाख जुर्माना भी लगाया गया। पांचवें मामले में लालू प्रसाद डोरंडा कोषागार से 139.35करोड़ रुपये अवैध निकासी मामले में दोषी करार दिये गये है और सजा के बिन्दुओं पर आज सुनवाई हुई और इसके बाद 5 साल की सजा सुनाई गई और 60 लाख का जुर्माना लगाया गया। चारा घोटाला मामले में 30जुलाई 1997 को पहली बार लालू प्रसाद 135 दिन जेल रहे। 28अक्टूबर 1998 को दूसरी बार 73 दिन जेल रहे। 5 अप्रैल 2000 तीसरी बार 11 दिन जेल रहे थे। 28 नवंबर 2000 में आय से अधिक संपत्ति मामले में एक दिन जेल रहना पड़ा था। 3 अक्टूबर 2013 को चारा घोटाले के दूसरे मामले दोषी करार दिये जाने पर 70 दिन जेल रहना पड़ा था। 23 दिसंबर 2017 को चारा घोटाले से तीसरे मामले में सजा हुई और 24 मार्च 2018 को दुमका कोषागार से जुड़े चौथे मामले में सजा हुई , जिसके बाद करीब तीन साल बाद पिछले वर्ष अप्रैल में लालू प्रसाद की जेल से रिहाई हुई थी। 15 फरवरी 2022 को डोरंडा कोषागार से जुड़े मामले में दोषी करार दिये जाने के साथ ही लालू प्रसाद न्यायिक हिरासत में भेजे गये और तबीयत खराब होने के कारण अभी रिम्स के पेइंग वार्ड में भर्ती हैं।

## सीबीआई हेडचर्टर पहुंचे ऋषि अग्रवाल, सबसे बड़े बैंक घोटाले में होगी पूछताछ

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश के सबसे बड़े बैंकिंग घोटाला मामले से जुड़ी एबीजी शिपयार्ड कंपनी के पूर्व चेयरमैन व एमडी ऋषि अग्रवाल सोमवार को दिल्ली स्थित सीबीआई मुख्यालय पहुंचे। उनसे घोटाले को लेकर पूछताछ की जाएगी।

इससे पहले भी ऋषि अग्रवाल से सीबीआई ने घंटों पूछताछ की थी। ऋषि पर 28 बैंकों के साथ 22 हजार 842 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी करने का आरोप है। इस मामले में उनके खिलाफ 7 फरवरी को सीबीआई ने केस दर्ज किया था। ऋषि अग्रवाल शशि रुइया और रवि रुइया के भांजे हैं। रुइया बंधू एस्सार ग्रुप के मालिक हैं। एबीजी शिपयार्ड लिमिटेड देश की सबसे बड़ी निजी शिपयार्ड फर्म रही है। कंपनी 16 साल में 165 से ज्यादा जहाज बना चुकी है, जिसमें से 45 दूसरे देशों के लिए बनाए हैं। ये नौसेना और कोस्टगार्ड के लिए भी जहाज बना चुकी है। कंपनी के सूरत शिपयार्ड में 18,000 डेड वेट टन और दाहेज शिपयार्ड में 1,20,000 डेड वेट टन की क्षमता है।

ज्ञात हो कि ऋषि अग्रवाल पर कारोबार के नाम पर कर्ज लेकर उसका गलत इस्तेमाल करने का आरोप है। सीबीआई के मुताबिक, 28 बैंकों से 22 हजार 842 करोड़ रुपये का घोटाला करने का आरोप है। सीबीआई ने ऋषि अग्रवाल के अलावा कंपनी के एमडी संथान मुथुस्वामी और तीन डायरेक्टर अश्विनी कुमार, सुशील कुमार अग्रवाल और रवि विमन नेवेतिया के खिलाफ भी केस दर्ज किया है।

## पिकअप ने बाईक सवारों को मारी टक्कर, दो की मौत

**जालौन/उरई (आरएनएस)।** उत्तरप्रदेश के उरई में तेज रफ्तार अनियंत्रित पिकअप गाड़ी ने बाइक सवार भाइयों को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों भाइयों की मौक पर ही मौत हुई। टक्कर मारने के बाद अनियंत्रित पिकअप भी सडक़ किनारे पलटी। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं, पिकअप चालक पिकअप को छोडक़र मौके से भाग निकला।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कुंवरपुरा निवासी किसान बलवंत (55) अपने बड़े भाई चतुर्भुज (78) पुत्रगण कढ़ोरे के साथ सुबह लगभग 8 बजे कोतवाली क्षेत्र के ग्राम हरीपुरा में अपने साढ़ू भाई के यहां जा रहे थे। उन्हें अपने साढ़ू भाई के साथ उनकी बेटी के लिए रिश्ता देखने भोपाल जाना था। जिसका उन्होंने मंगलवार का रिजर्वेशन कराया था। गांव में रूककर रात में उन्हें भोपाल के लिए निकलना था। घर से बाइक निकले दोनों भाई जब हरीपुरा श्रमदान के पास पहुंचे तो गांव की ओर जाने के लिए वह श्रमदान पर मुड़े। तभी सामने औरैया की ओर से मुर्गियों को लादकर आ रही तेज रफ्तार पिकअप के चालक ने अनियंत्रित होकर उनकी बाइक में टक्कर मार दी। पिकअप बाइक को कुचलते हुए आगे जाकर सडक़ किनारे पलट गई। पिकअप के पलटते ही चालक मौके से पिकअप को छोडक़र भाग निकला। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों भाई बाइक से उछलकर सडक़ पर जा गिरे। हैलमेट ने लगाए होने की वजह से सिर में आई चोटों के चलते दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मौके से निकल रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना

डायल 112 पर दी। सूचना मिलते ही एंबुलेंस और एसएसआई दिलीप मिश्रा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। एंबुलेंस से दोनों भाइयों के शव को सीएचसी लाया गया। जहां पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना एवं दोनों के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## खजुराहो नृत्य समारोह के उद्घाटन के साक्षी बने 8 देशों के राजदूत



**छतरपुर (आरएनएस)।** मध्य प्रदेश की विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो में 48वां खजुराहो नृत्य समारोह बीती रात को शुरू हो गया। 26 फरवरी तक चलने वाले इस समारोह के उद्घाटन समारोह के आठ देशों के राजदूत और उच्चायुक्त मौजूद रहे।

इस समारोह का उद्घाटन करते हुए राज्यपाल मंगु भाई पटेल ने कहा कि नृत्य समारोह खजुराहो की उत्कृष्ट पाषाण कला को विश्व स्तर पर पहचान दिलाएगा। यह न सिर्फ प्रदेश और देश बल्कि विश्व के सांस्कृतिक परि²श्य पर अमिट छाप छोड़ेगा।

राज्यपाल पटेल ने पर्यटन, संस्कृति और अध्यात्म मंत्री उषा ठाकुर, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा और सांसद विष्णु दत्त शर्मा के साथ दीप जला कर समारोह का शुभारंभ किया। उन्होंने भारत माता के चित्र पर पुष्प भी अर्पित किये।

खजुराहो नृत्य समारोह के उद्घाटन समारोह प्रस्तुतियों के साक्षी बनने के लिए आठ देशों कोरिया, अर्जेंटिना, वियतनाम, ब्रूनेई, फिनलेंड, मलेशिया, थाईलेंड और लाओ के राजदूत और उच्चायुक्त शामिल हुए।

इस समारोह में कलाकारों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय कालिदास सम्मान, राज्य रूपंकर कला पुरस्कार, देवकृष्ण जटाशंकर जोशी पुरस्कार, दत्तात्रेय दामोदर देवलालीकर पुरस्कार, जगदीश स्वामीनाथन पुरस्कार, विष्णु चिंचालकर पुरस्कार, रघुनाथ कृष्णराव फडक़े पुरस्कार, राम मनोहर सिन्हा पुरस्कार सागर प्रदान किए गए।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भारत में 12-18 साल के बच्चों को भी लगेगी कोरोना वैक्सीन, डीसीजीआई ने कोरबेवेक्स को दी मंजूरी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** भारत सरकार ने 12-18 साल की आयु वर्ग के लिए कोरबेवेक्स वैक्सीन को अंतिम मंजूरी दे दी है। भारत के औषधि महानियंत्रक ने 12-18 वर्ष की आयु के बच्चों के लिए बायोलॉजिकल ई के कोविड-19 वैक्सीन कोरबेवेक्स को अंतिम स्वीकृति प्रदान कर दी। बायोलॉजिकल ई. ने जानकारी देते हुए कहा, कोविड-19 के खिलाफ भारत के पहले स्वदेशी रूप से विकसित रिसेप्टर बाइंडिंग डोमेन (आरबीडी) प्रोटीन सब-यूनिट वैक्सीन कॉर्बेवैक्स को 12 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के लिए इस्तेमाल हेतु भारत के दवा नियामक से आपातकालीन उपयोग की मंजूरी मिल गई है। देश में कोरोना महामारी के खिलाफ टीकाकरण अभियान जारी है। ऐसे में भारत सरकार ने पिछले साल बायोलॉजिकल ई की कॉर्बेवैक्स को मंजूरी दी थी। हालांकि आज इसे डीसीजीआई की अंतिम मंजूरी भी मिल गई है। ये टीका 12-18 वर्ग के लाभर्थियों को दिया जाएगा। इससे पहले देश में केवल 15-18 साल या उससे ऊपर के लाभार्थियों को कोरोना वैक्सीन दी जा रही है। ज्ञात हो कि भारत सरकार ने कॉर्बेवैक्स की 5 करोड़ खुराक की खरीद के आदेश दिए हैं। जिसकी कीमत 145 रुपये होगी।

### नंदी हिल्स पर फंसा 19 साल का छात्र, इंडियन एयर फोर्स ने बचाई जान

**बेंगलुरु (आरएनएस)।** भारतीय वायुसेना के हैरतअंगेज कारनामें अक्सर देखने को मिल जाते हैं। ऐसे में वायुसेना ने एक ऐसे ही घटना को अंजाम दिया है, जिसे देखकर आप भी दंग रहे जाएंगे। दरअसल, वायुसेना ने एक साहसी ऑपरेशन में कर्नाटक के नंदी हिल्स में 300 फीट नीचे फंसे 19 साल के छात्र को रेस्क्यू कर बचाया है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। एक साहसी मिशन में भारतीय वायु सेना और चिक्कबल्लापुर पुलिस ने एक 19 वर्षीय छात्र को बचाया, जो एक खड़ी चट्टान से 300 फीट नीचे नंदी हिल पर गिर गया था। काफी मशक्कत के बाद भारतीय वायु सेना का हेलिकॉप्टर छात्र को सुरक्षित निकालने में सफल रहा। छात्र ऐसी स्थिति में कैसे आ गया, इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं मिल पाई है। यह घटना तब हुई है, जब हाल ही में भारतीय वायुसेना ने केरल में इसी तरह एक घटना को अंजाम दिया था। वायुसेना ने पलक्कड़ में एक पहाड़ी की दरार से आर बाबू नामक एक फंसे हुए ट्रैकर को 45 घंटे के बाद बचाया गया। भारतीय सेना, नौसेना और एनडीआरएफ ने बचाव अभियान चलाया था।

### खरीफ विपणन सत्र 2021-22 में 695.67 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद हुई

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** खरीफ विपणन सत्र (केएमएस) 2021-22 में किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य पर धान खरीद सुचारू रूप से की जा रही है, जिस प्रकार से पिछले वर्षों में होती रही है। खरीफ विपणन सत्र 2021-22 में दिनांक 20.02.2022 तक राज्य/केन्?द्रशासिक प्रदेश चंडीगढ़, गुजरात, असम, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, झारखंड, पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, तेलंगाना, राजस्थान, केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक, पश्चिम बंगाल, एनईएफ (त्रिपुरा), बिहार, ओडिशा, महाराष्ट्र, पुद्दुचेरी छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और मध्य प्रदेश में 695.67 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है। अब-तक लगभग 94.15 लाख किसान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 1,36,350.74 करोड़ रुपये के भुगतान से लाभान्वित हुए हैं।

### कोलकाता में छाया घना कोहरा, रेल और हवाई सेवाएं बाधित

**कोलकाता (आरएनएस)।** महानगर कोलकाता में सोमवार को घने कोहरे की वजह से दमदम एयरपोर्ट पर हवाई तथा सियालदह और हावड़ा रेलवे स्टेशन पर रेल सेवाएं पांच घंटे से अधिक समय तक के लिए बाधित रहीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार धुंध छाए रहने की वजह से कम दृश्यता होने के कारण नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर आगमन व प्रस्थान करने वाली उड़ानों को करीब चार घंटे के लिए निलंबित कर दिया गया। अतिरिक्त फ्लडलाइट्स के साथ उड़ानों के संचालन के प्रयास भी किए गए, लेकिन बात नहीं बनीं। उन्होंने कहा कि फ्लाइट्स के शेड्यूल के आज प्रभावित होने की संभावना भले ही है, लेकिन भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इससे बढक़र यात्रियों की सुरक्षा को सर्वोपरि माना है।